कहुँ कहुँ सरिता तीर उदासी। बसहिं ग्यान रत मुनि संन्यासी।।
साधक सिद्ध बिमुक्त उदासी। कबि कोबिद कृतग्य संन्यासी।।
( मानस संन्यास। रामकथा 922 - काठमांडू, नेपाल। मोरारी बापू )

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 59 | इंदौर, सोमवार 04 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## जनता कहिन...

कोरोना काल में जब लाडली बहना मुसीबत में थी तब सिलेंडर 1131 में और अब सरकार मुसीबत में है तो सिलेंडर 931 में !

## Headline

1. Jasprit Bumrah Son: जसप्रीत बुमराह बने पिता; पत्नी संजना ने बेटे को जन्म दिया, फोटो शेयर कर जानकारी दी
2. Udayanidhi Stalin: 'सनातन धर्म को खत्म करने की हसरत वाले खाक हो गए', उदयनिधि के बयान पर हंगामा जारी
3. G20: 'भारत यात्रा का है इंतजार', जी20 सम्मेलन को लेकर बोले अमेरिकी राष्ट्रपति, लेकिन इस बात से हैं निराश
4. US Open: दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक उलटफेर का शिकार; पहला सेट जीतने के बाद गंवाया मैच
5. US: 'मैं राष्ट्रपति बना तो ट्रंप को माफ कर दूंगा', भारतीय मूल के उम्मीदवार ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को घेरा

## चिंता में सरकार

# कम बारिश ने बढ़ाई टेंशन सीएम शिवराज बोले- फसलें बचाने डैम से देंगे पानी

**कांग्रेस ने कहा**

### यात्राएं छोड़ खेतों में पहुंचें मंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में कम बारिश और सूखे की आशंका को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ी बैठक ली। उन्होंने कहा कि अगस्त महीने में बारिश बहुत कम हुई है। जिसके चलते फसलें प्रभावित हो रही हैं। खरीफ की फसलें बचाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। सीएम ने कहा कि डैम से पानी छोड़कर फसलों को बचाया जाएगा। अभी बिजली की डिमांड बढ़ गई है। इसके लिए बेहतर इंतजाम करेंगे। संकट की घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है। सीएम ने कहा कि तीन चार दिन से प्रदेश के किसानों से मिल रहा हूं। ऐसी स्थिति में चैन से नहीं बैठ सकता। नींद नहीं आती है। मैं बैठने वालों में से नहीं हूं। प्रार्थना में बड़ी ताकत होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भगवान महाकाल से बारिश के लिए प्रार्थना करने सोमवार को उज्जैन जाएंगे।

### सिंचाई के लिए डैम से दिया जाएगा पानी

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द जल उपयोगिता समिति की बैठक कर लें। जहां डैम में पानी है, वहां से किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाए। डैमों का निरीक्षण कर इस बात की जानकारी ले लें कि अभी कितना पानी है। सीएम शिवराज सिंह ने जिला प्रशासन को कहा कि किसानों को सिंचाई के संबंध में एडवाइजरी जारी करें। संकट की स्थिति से निपटने के लिए जो वैज्ञानिक तरीके होंगे उससे किसानों को जागरूक करेंगे। मैं खुद किसान भाइयों से अपील करूंगा।

### यात्रा निकालने की बजाए खेतों में जाए मंत्री

कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा, ह्यशिवराज जी से आग्रह है कि आप लोग यात्राएं कर रहे हो उसे खत्म करो। आपके मंत्री खेतों में जाए, किसानों से मिले, उनका दर्द पूछे, उनकी फसलों को देखो, उनके यहां बिजली आ रही है कि नहीं आ रही है, उसकी बात करें। खाली, गाड़ी में बैठकर यात्रा निकालने से मध्यप्रदेश का भला नहीं होगा। मैं चाहता हूं कि पूरा मंत्रिमंडल इस वक्त किसानों की तरफ ध्यान दे। जिससे किसानों का कुछ भला हो सके।

### ◆ किसानों ने कहा, पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है...

किसानों ने कांग्रेस नेताओं को बताया कि उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। मात्र 4 से 5 घंटे बिजली मिलती है। सूखे जैसे हालात बनने और पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के चलते सोयाबीन की फसल खराब हो चुकी है। कम बिजली आने के चलते सिंचाई का भी कोई उपयुक्त साधन नहीं बन पा रहा है। जिससे सोयाबीन की फसल सूख गई है।

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और विधायक कुणाल चौधरी ने शाजापुर के कालापीपल क्षेत्र में खेतों में जाकर फसलें देखी। कांग्रेस नेताओं ने खेतों में पहुंचकर सोयाबीन की खराब हुई फसलों को देखा।

कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिर्फ इवेंट की पॉलिटिक्स करते हैं। सूखे के कारण किसान की हालत खराब है। गेहूं में भी यही स्थिति की। जब भाव बढ़ रहे थे तो निर्यात बंद कर दिया। प्याज के भाव बढ़ रह थे तो निर्यात बंद कर दिया।

# आरडीएसएस के तहत देश का पहला बिजली ग्रिड इंदौर जिले के ईमलीखेड़ा में ऊर्जीकृत

## सर्वप्रथम जीआईएस तकनीक का उपयोग, पच्चीस हजार जनता होगी लाभान्वित

◆ आरडीएसएस योजना से मालवा-निमाड़ की बिजली वितरण क्षमता 500 एमवीए और बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले वर्ष जुलाई में ऊर्जा मंत्रालय के लिए प्रारंभ रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत देश का पहला 33/11 केवी का बिजली ग्रिड इंदौर जिले के सांवेर तहसील के ईमलीखेड़ा में पूर्ण होकर ऊजीर्कृत हुआ है। इस ग्रिड से पांच गांवों की पच्चीस हजार जनता को उच्च गुणवत्तायुक्त चौबीस घंटे बिजली मिलेगी। इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के ऊजार्मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे, इंदौर के सांसद शंकर लालवानी आदि ने बधाई दी है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि इस ग्रिड के लिए भूमिपूजन फरवरी में स्थानीय विधायक एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किया था। इसके बाद जीआईएस सर्वे के आधार पर ग्रिड के लिए सारी तैयारी कर समय पर कार्य प्रारंभ किया गया। करीब पांच माह में उक्त ग्रिड तैयार होकर ऊजीर्कृत हो गया है। पांच एमवीए क्षमता का उक्त ग्रिड तीन करोड़ की लागत का है। श्री तोमर ने बताया कि इससे आठ हजार बिजली उपभोक्ता एवं पच्चीस हजार आबादी को फायदा मिलेगा। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि ग्रिड के निर्माण की विद्युत उपकरण सामग्री पावर ट्रांसफार्मर, वीसीबी, केबल, कंडक्टर आदि राष्ट्रीय स्तर की एनएबीएल में परीक्षण उपरांत ही उपयोग में लाए गए है। पहली बार ग्रिड में पैंथर कंडक्टर का उपयोग किया गया है, जो परंपरागत कंडक्टर से करीब दुगुनी क्षमता का है। ईमलीखेड़ा के उक्त ग्रिड के निर्माण में संबंधित एजेंसी के साथ ही मुख्य अभियंता श्री एसएस करवाड़िया, श्री एसआर बमनके, अधीक्षण अभियंता डॉ. डीएन शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक रंजन समेत 25 कर्मचारियों, अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

**मालवा-निमाड़**

| | |
|---|---|
| धार | 5 |
| बड़वानी | 5 |
| झाबुआ | 3 |
| खंडवा | 3 |
| रतलाम | 2 |
| झाबुआ | 2 |
| आलीराजपुर | 2 |
| खरगोन | 1 |
| देवास | 1 सीट |

### बिजली वितरण क्षमता करीब 500 एमवीए बढ़ जाएगी

प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने आगे बताया कि कंपनी क्षेत्र में इस तरह के 97 ग्रिडों का कार्य विभिन्न चरणों में क्रियाशील है। आरडीएसएस के तहत बनाए जा रहे ग्रिडों एवं संबंधित लाइनों पर कुल 380 करोड़ रूपए व्यय हो रहे है। इससे कंपनी क्षेत्र के बिजली वितरण क्षमता करीब 500 एमवीए बढ़ जाएगी। ग्रिडों के साथ ही कंडक्टरों की जगह केबल, इंदौर, उज्जैन आदि के चुनिंदा स्थानों पर अंडरग्राउंड केबल, पुराने ग्रिडों का नवीनीकरण एवं क्षमता में बढ़ोत्तरी, पुराने कंडक्टरों की जगह नए एवं ज्यादा क्षमता के कंडक्टर लगाने, केपेसिटर बैंकों की स्थापना आदि के कार्य भी क्रमबद्ध रूप से किए जा रहे हैं।

### ग्रिडों के पास वाटर हार्वेस्टिंग के आदेश दिए

प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि आरडीएसएस के तहत कार्यों की प्रति सप्ताह समीक्षा की जाती है, ताकि कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ हो। श्री तोमर ने आगे बताया कि ग्रिडों के पास वाटर हार्वेस्टिंग के आदेश दिए गए है, ताकि ग्रिड के बोरिंग ग्रीष्मकाल में भी चलते रहे, ग्रिड में अर्थिंग के लिए पानी का संकट न आए।

# लंबे समय बाद रोशन होगा मैकेनिक नगर मेन रोड

## नगर निगम अगले हफ्ते से शुरू करेगा सेंट्रल एलइडी लाइट पोल लगाने का काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मैकेनिक नगर मेन रोड लंबे समय के बाद सेंट्रल एलइडी लाइट से रोशन होगा। नगर निगम का विद्युत विभाग सेंट्रल एलइडी लाइट पोल लगाने का काम अगले हफ्ते से शुरू करेगा। दरअसल निगम ने सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई है, लेकिन इनका पर्याप्त उजाला न होने से कई कॉलोनी के रहवासियों को अभी अंधेरे का सामना करना पड़ता है। साथ ही घटना-दुर्घटना होने का डर बना रहता है। सेंट्रल एलइडी लाइट लगने से लोगों की यह समस्या जल्द ही दूर हो जाएगी। मैकेनिक नगर मेनरोड पर निगम विद्युत विभाग 50 सेंट्रल एलइडी लाइट पोल लगाएगा। इन पोल पर 120 एलइडी लाइट लगेगी और खर्च 34 लाख रुपए से ज्यादा का आएगा। इसका ठेका इंदौर के एनके इलेक्ट्रिकल्स को दिया गया है जो कि अगले हफ्ते से पोल और लाइट लगाने का काम शुरू हो जाएगा। यह काम पूरा होने के बाद रोड का अंधेरा और लोगों की समस्या दोनों दूर हो जाएगी।

ट्रांसपोर्ट नगर के लिए जाने वाले मैकेनिक नगर मेन रोड को बने लंबा समय हो गया है, लेकिन नगर निगम विद्युत विभाग ने रोड के बीच डिवाइडर पर सेंट्रल एलइडी लाइट पोल न लगाते हुए सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगा दी। इन लाइट का ज्यादा उजाला नहीं रहता और रोड पर अंधेरा रहता है। इस कारण रोड से लगी कॉलोनियों विष्णुपुरी, सांधी कॉलोनी, सैफी नगर, खातीवाला टैंक, चोइथराम सब्जी मंडी रोड और एप्पल हॉस्पिटल जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। लोगों को अंधेरे में घटना दुर्घटना होने का डर बना रहता है। यह देखते हुए मैकेनिक नगर एवं ट्रांसपोर्ट नगर एसोसिएशन के पदाधिकारी जगजीत सिंह, सन्नी राजपाल, राजू छाबड़ा और इमरान मंसूरी ने मामले को उठाया। इसके साथ ही मैकेनिक नगर मैन रोड पर सेंट्रल एलइडी लाइट पोल लगाने के लिए निगम के साथ लंबा संघर्ष किया। उनका यह संघर्ष पिछले दिनों तब सफल हुआ जब उन्होंने पूरे मामले और लोगों की समस्या से महापौर पुष्यमित्र भार्गव को अवगत कराते हुए मैकेनिक नगर मैनरोड पर सेंट्रल एलइडी लाइट पोल लगाने की मांग रखी। महापौर भार्गव ने तत्काल विद्युत विभाग के सिटी इंजीनियर राकेश अंखड को लाइट लागाने के निर्देश दिए।

### मंडी बंद रखने की सूचना पर किसानों से उपज नहीं लाने का आग्रह

**इंदौर**। इंदौर जिले में 4 सितम्बर से आगामी सूचना तक किसान अपनी कृषि उपज (अनाज) एम.पी. फार्म गेट एप के माध्यम से ऑनलाईन सौदा पत्रक की वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत विक्रय कर सकते हैं। मंडी सचिव श्री नरेश परमार ने बताया है कि इंदौर जिले में 4 सितंबर से अनाज मंडी व्यापारी संघ द्वारा प्रस्तावित अनिश्चितकालीन मंडी बंद रखने की सूचना कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय को दी गई है। इसके दृष्टिगत किसानों से आग्रह किया गया है कि असुविधा से बचने के लिए अपनी कृषि उपज( अनाज) मंडी नहीं लाये।

कटाक्ष

# मेट्रो के एक कोच में 50 लोगों के बैठने और 250 लोगों के खड़े होने का इंतजाम

## अगस्त के अंत तक स्टेशनों व रूट का सिविल वर्क पूरा होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भोपाल और इंदौर में सितंबर 2023 से मेट्रो का ट्रायल रन शुरू करना है। इसके लिए मेट्रो कंपनी ने निर्माण कार्यों की रफ्तार तेज कर दी है। 24 घंटे काम चल रहा है। ट्रायल रन के लिए 25 से 30 अगस्त के बीच मेट्रो ट्रेन का पहला रैक इंदौर पहुंचेगा, जबकि भोपाल के लिए 10 सितंबर तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष नगर तक 4.4 किलोमीटर ट्रैक पर मेट्रो का ट्रायल रन होना है। जबकि इंदौर में 5.9 किलोमीटर का ट्रायल रन होगा जो गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर तक का रहेगा। इस बीच पांच मेट्रो स्टेशन रहेंगे। इसके लिए रेलवे ट्रैक और मेट्रो के स्टेशन बनाने का काम तेज कर दिया है।**

### ऐसी होगी व्यवस्था

मेट्रो में इंजन के साथ तीन डिब्बे (कोच) होंगे जो जिसमें तमाम प्रकार की सुविधाएं रहेंगी। इसमें टीवी, अलार्म, इलेक्ट्रिक कनेक्शन सहित अन्य व्यवस्था शामिल है। डिब्बे में 50 लोगों के बैठने और 250 लोगों के खड़े होने का इंतजाम किया गया है। इसी प्रकार ट्रायल रन के लिए 25 से 30 अगस्त के बीच मेट्रो ट्रेन का पहला रैक इंदौर पहुंचेगा।

अधिकारियों के अनुसार इस रूट पर सिविल वर्क 90 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। फिलहाल स्टेशन के अंदर लिफ्ट लगाने और बिजली से संबंधित कामों को पूरा किया जा रहा है। अंदर से सिविल वर्क पूरा हो चुका है। केवल बारीक काम शेष हैं। अगस्त के अंत तक इस रूट के सभी स्टेशनों व रूट का सिविल वर्क और पटरी बिछाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

### तीन माह चलेगा ट्रायल रन, फिर शुरू होगी यात्रा

सितंबर 2023 से शुरू होने वाला ट्रायल रन तीन माह तक चलेगा। जनवरी 2024 में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त इस मार्ग को परखेंगे। उनके संतुष्ट होने के बाद प्रायरिटी कारिडोर पर मेट्रो संचालन की अनुमति दी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार अगले साल मेट्रो प्रायोरिटी कारिडोर पर दौड़ सकती है।

### रेलवे ट्रैक व स्टेशन का काम बाकी

अधिकारियों ने बताया कि प्रायरिटी कारिडोर में केवल रेलवे ट्रैक व स्टेशन का काम बाकी है। कारिडोर में आने और जाने के लिए 8.8 किलोमीटर का रेलवे ट्रैक बिछाया जाना है। इसमें 4.2 किलोमीटर ट्रैक बिछा लिया गया है।

# जलुद में सोलर प्लांट के लिए 356 करोड़ में दिल्ली की कम्पनी को ठेका ....

## कंपनी के द्वारा 10 साल तक प्लांट का ऑपरेशन भी किया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समूचे शहर में नर्मदा का पानी सप्लाई करने के लिए जलुद में अब सोलर प्लांट लगाया जाएगा इस सोलर प्लांट का ठेका 356 करोड़ में दिल्ली के कंपनी को दिया गया है। इस कंपनी के द्वारा 10 साल तक प्लांट का ऑपरेशन भी किया जाएगा। नगर निगम के द्वारा ग्रीन बांड जारी किए जाने के 6 महीने बाद जाकर यह ठेका हो सका है। इस काम को करने में निगम को अपनी जेब से ?50 करोड लगाना होंगे।**

नर्मदा पेयजल योजना के पहले, दूसरे और तीसरे चरण के माध्यम से शहर के नागरिकों के पानी की आवश्यकता की पूर्ति की जाती है। इस योजना का पानी इंदौर लाने के लिए जालोद में बिजली के माध्यम से पंपिंग की जाती है। इससे नगर निगम को हर महीने भारी भरकम बिजली का बिल चुकाना पड़ता है। बिजली के बिल के इस खर्च को बचाने के लिए नगर निगम के द्वारा फरवरी 2023 में ग्रीन बॉन्ड जारी किया गया था। इस ग्रीन बांड के माध्यम से निगम के द्वारा 244 करोड़ रुपए जुटाए गए थे। निगम ने यह ग्रीन बांध जलुद में सोलर प्लांट लगाने के लिए जारी किया था। इसके बाद में इस प्लांट को लगाने के लिए टेंडर खुलवाए गए थे। टेंडर की टेक्निकल बिड तो खोल दी गई थी लेकिन फाइनेंशियल बिड रुकी हुई थी। इस फाइनेंशियल बिड को कल खोल दिया गया।

नगर निगम के द्वारा दिल्ली की कंपनी रेस्ट पावर का टेंडर मंजूर किया गया है। इस कंपनी के द्वारा सोलर प्लांट की स्थापना का कार्य 356 करोड़ रुपए में करने की मंजूरी दी गई है। निगम ने इस कंपनी के ऑफर को मंजूर कर लिया है। निगम के द्वारा टेंडर में या शर्त रखी गई थी कि जो कंपनी सोलर प्लांट की स्थापना का ठेका लगी उसे कंपनी को 10 साल तक इस प्लांट के संचालन अनुसंधान की जिम्मेदारी भी संभालना पड़ेगी।

### ◆ 62 करोड़ की मिलेगी सहायता

इस सोलर प्लांट की स्थापना के लिए इंदौर नगर निगम को 62 करोड रुपए की सहायता मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार के द्वारा 42 करोड रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इसके साथ ही वैकल्पिक ऊर्जा के संगठन महुआ के द्वारा 20 करोड रुपए की सहायता दी जाएगी। ग्रीन बांड से प्राप्त हुई राशि और इस सहायता की राशि को मिला देने के बाद इस काम में नगर निगम को अपनी जेब से 50 करोड रुपए लगाना पड़ेंगे।

### सितंबर में भूमि पूजन करने की तैयारी

इंदौर नगर निगम के द्वारा ही सबसे विशाल सोलर प्लांट की स्थापना के लिए सितंबर के महीने में भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तो मौजूद रहेंगे ही सही। इसके साथ ही उस केंद्रीय मंत्रियों को भी बुलाने की तैयारी की जा रही है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि सितंबर के प्रथम सप्ताह में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा सकता है।

## बीमार तेंदुए में मिला खतरनाक कैनाइन डिस्टेंपर वायरस, फॉरेस्ट एरिया में शिफ्ट किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के चिड़िया घर में बीमार तेंदुए में खतरनाक कैनाइन डिस्टेंपर वायरस मिला,इसकी जबलपुर वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक लैब ने पुष्टि की।तेंदुए को सोनकच्छ फॉरेस्ट एरिया में शिफ्ट किया गया। जू प्रभारी डॉ उत्तम यादव ने कहा की वायरस खतरनाक है। इसका वाइल्ड लाइफ में मिलना रेयर है। साउथ अफ्रीकन बिग कैट भी इस वायरस का शिकार बन चुकी है।**

तेंदुए में मिले वायरस की जानकारी देश की वाइल्ड लाइफ हाई अथॉरिटी को दी है। तेंदुए का वायरस दूसरे जानवरों में नहीं फैले।इसके चलते तेंदुए को चिड़िया घर से टीम लेकर सोनकच्छ फॉरेस्ट एरिया के लिए रवाना हुई, तेंदुए को सोनकच्छ फॉरेस्ट एरिया में शिफ्ट किया गया है।

शनिवार को देवास जिले के सोनकच्छ के गांव इकरोता में मिले बीमार तेंदुए को इलाज के लिए इंदौर लाया गया है। वह दिमागी तौर पर बीमार है और ठीक से चल भी नहीं पा रहा है। उसके ब्लड के सेंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए है। लैब ने कैनाइन डिस्टेंपर वायरस तेंदुए के खून में मिलने की पुष्टि की है। चिड़ियाघर के डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि संक्रमण तेंदुए के शरीर में भी फैल गया। दिमागी तौर पर तेंदुआ स्वस्थ्य नहीं है। वह अपनी आक्रमकता खो चुका है। यही वजह है कि जब गांव में लोग उसके आसपास खड़े थे या उसे छू रहे थे तो उससे हमला नहीं किया।तेंदुए के इलाज के लिए जबलपुर से भी डाक्टरों की टीम भी इंदौर आई थी। तेंदुए को सोनकच्छ के जंगल में शिफ्ट करने के बाद जबलपुर की टीम भी रवाना हो गई।

### कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति

## इंदौर में अरविंद जोशी को बनाया जिला अध्यक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारियां जोरो-शोरों से है। कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जिला स्तर पर चुनाव अभियान समिति के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। साथ ही संजय दुबे को समिति का प्रदेश प्रभारी मनोनीत किया है। विनोद इरपाचे को समिति का कार्य देखने के लिए कार्यालय प्रभारी बनाया है। दोनों समिति के सभी जिला अध्यक्षों से फीडबैक लेंगे और चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष को रिपोर्ट पेश करेंगे।

चुनाव अभियान समिति के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है उनमें भोपाल- सुनील शुक्ला, इंदौर- अरविंद जोशी, जबलपुर- सौरभ नाटी शर्मा, ग्वालियर- ज्ञानसिंह गुर्जर को चुनाव अभियान समिति में जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके अलावा हर जिले में जिला अध्यक्षों को जिम्मेदारियां सौंप दी है। इंदौर संभाग के जिलों में जिन नेताओं को अध्यक्ष बनाया गया है उनमें खण्डवा- श्याम यादव, बुरहानपुर- किशोर महाजन, खरगौन- नाथूलाल पाटीदार, बड़वानी- नानेश चौधरी, अलीराजपुर- राजेन्द्र सिंह पटेल, झाबुआ- आशीष भूरिया, धार- आशीष भास्कर यादव शामिल है।

### अब संभाग वार उम्मीदवारों के नाम लिए जाएंगे

जिला अध्यक्षों-जिला प्रभारियों की बैठक के बाद अब संभाग वार उम्मीदवारों के नाम लिए जाएंगे। सभी जिलाध्यक्ष बंद लिफाफे में हर सीट पर तीन-तीन नामों का पैनल लेकर पहुंचे। हर एक संभाग को एक-एक घंटे का समय दिया गया है। विधानसभा के दावेदारों की पैनल लिस्ट रणदीप सुरजेवाला और जितेंद्र सिंह को सौंपेंगे। दोनों नेता जमीनी रिपोर्ट लेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि मैंने कोई सूची जारी नहीं की, जो जिला अध्यक्ष और प्रभारी तय करेंगे उनमें से ही उम्मीदवार बनेगा।

### होगी वन टू वन चर्चा

मध्य प्रदेश में कांग्रेस में मैराथन बैठकों का दौर शुरू हो गया। शनिवार को पीसीसी कार्यालय में प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों की बैठक ली। इस बैठक में पीसीसी चीफ कमलनाथ भी शामिल हुए। मीटिंग में जिला अध्यक्षों को आरोप पत्र की कॉपियां दी गई हैं। हर विधानसभा में करीब 50-50 हजार आरोप पत्र बांटे जाएंगे। बैठक के बाद अब जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी से वन टू वन चर्चा की जा रही है।

### शोक संदेश



स्व. श्री कांतिलाल की गुप्ता के सुपुत्र एवं हमारे बड़े भाई सा एवं अक्षय के पिताजी, श्री रमनलाल पालीवाल (मेसर्स शामलाल लालचंद पालीवाल जड़ी बूटी वाले बुरहानपुर) के दामाद एवं देवेंद्र, सुरेंद्र, महेंद्र आर. पालीवाल (एमआरपी- प्रबंध संपादक डीजीआर ग्रुप, मैनेजिंग डायरेक्टर एक्सफंड्ज फिनसर्व प्रायवेट लिमिटेड इंदौर) के जियाजी

**श्री यशवंत जी गुप्ता**

**(इंजी. जे. के. सिमेन्ट निंबाहेड़ा)**

का आकस्मिक निधन आज दिनांक **04/09/2023 सोमवार** को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा हमारे **निवास स्थान :** 95/पशुपतिनाथ विहार, अभिनंदन नगर, मंदसौर से आज दोपहर 4 बजे शव वाहन द्वारा मुक्तिधाम जायेगी।

•••••••

**शोकाकुल : विनोद कुमार गुप्ता, सुनिल कुमार गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, अंकित गुप्ता, (पालीवाल )**

**मो. 93632266/98260 37201**

### आबकारी विभाग के अमले ने 56 स्थानों पर की छापामार कार्रवाई

## लगभग साढ़े 8 लाख रुपए कीमत की अवैध सामग्री की गई जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देश पर अवैध शराब तस्करों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त आबकारी श्री मनीष खरे के निर्देशन में आबकारी विभाग के अमले द्वारा कार्यवाही करते हुए विगत 2 दिनों में ताबड़तोड़ कार्यवाहियां करते हुए भारी मात्रा में अवैध सामग्री जप्त की गई तथा कुल 56 प्रकरण दर्ज किये गये। जिसमें धारा 34(2) के तहत 03 आरोपियों को जेल भेजा गया तथा एक आरोपी फरार है। कार्यवाही में लगभग 8.50 लाख रुपए कीमत की अवैध सामग्री यथा देशी शराब 630.36 बल्क लीटर, विदेशी मदिरा स्प्रिट 31.08 बल्क लीटर, विदेशी मदिरा बियर 63.85 बल्क लीटर, अवैध हाथभट्टी मदिरा 872.5 लीटर,



2820 लीटर महुआ लहान तथा 01 दोपहिया ओला स्कूटर जप्त की गई।

बताया गया कि वृत भोई मोहल्ला के आबकारी उप निरीक्षक मनमोहन शर्मा व्दारा 2 सितंबर 2023 को रात्रि गस्त के समय सुनील सोलंकी पिता कैलाश सोलंकी से बिना पास परमिट के कुल 400 पाव देशी अवैध शराब उज्जैन भोरासला रोड पर जप्त की गई। इसी तरह वृत छावनी के उप निरीक्षक राजेश तिवारी और स्टाफ द्वारा पालदा नई बस्ती स्थित सुधीर सिलावट पुत्र नंद किशोर सिलावट के रहवासी मकान एवं नाले किनारे अगरबत्ती फैक्ट्री की छत पर तलाशी में कुल 531 पाव देशी मदिरा बरामद की गई। आरोपी मौके से फरार हो गया। वृत बालदा कॉलोनी में श्रीमती मीरा सिंह द्वारा आरोपी रेनू पति विनोद कश्यप, अहिल्या पलटन इंदौर के रिहायशी मकान से 575 पाव देशी मदिरा जप्त की गई। वृत आंतरिक एक के उप निरीक्षक नितिन आशापुरे द्वारा आरोपी राजेश पिता गोपाल चौहान निवासी ग्राम बुरानाखेड़ी इंदौर के कब्जे से 500 पाव देशी मदिरा जप्त किये। इन चारों आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही में जिले के समस्त सहायक जिला अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षक एवं आरक्षक तथा नवागत आरक्षक सम्मिलित थे।

# किसानों को सिंचाई के लिए 7 घंटे ही मिलेगी बिजली

## ऊर्जा विभाग ने बनाया कटौती का प्लान; कम बारिश की वजह से संकट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून की बेरुखी ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। अगस्त में हुई कम बारिश से नदी, तालाब और डैम खाली हैं। जिसके चलते हाइड्रो पावर जेनरेशन यानी पानी से बिजली बनाने में कमी आई है।

सितंबर के पहले दिन बिजली की डिमांड 14.5 हजार मेगावाट को पार कर गई है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा विभाग ने बिजली सप्लाई में कटौती का प्लान जारी किया है। इसके लिए जिलों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। जिलों में ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली बिजली सप्लाई 7 घंटे तक ही रहेगी। 24 घंटे के अंतराल में 17 घंटे तक कटौती की जाएगी। बिजली कंपनियां अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली दे रही थी। अब बारिश के संकट के चलते बने हालातों को देखते हुए कटौती करने का निर्णय लिया गया है। यह प्लान 2 सितंबर से दो-तीन दिन के लिए लागू करने के नाम पर जारी किए गए हैं।

### तीन कैटेगरी में बांटे गए जिले

प्लान के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। ए, बी और सी कैटेगरी बनाकर जिले तय किए गए हैं। विभाग के अनुसार बिजली संकट की स्थिति को देखते हुए इन जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए दी जाने वाली बिजली में कटौती की जाएगी।

### सबसे अधिक जिले बी कैटेगरी में

**अ कैटेगरी**ः मंडला, पन्ना, रीवा, अनूपपुर, दमोह, भिंड, गुना, ग्वालियर, अशोक नगर, दतिया और मुरैना जिले शामिल हैं।

**इ कैटेगरी**ः सिवनी, शहडोल, भोपाल सिटी, शाजापुर, मंदसौर, बुरहानपुर, जबलपुर सिटी, विदिशा, बालाघाट, सीधी, रायसेन, झाबुआ, रतलाम, छतरपुर, डिंडौरी, कटनी, राजगढ़, सीहोर, टीकमगढ़, नरसिंहगढ़, इंदौर सिटी, सागर, सतना, धार, बड़वानी, देवास, आगर, नीमच, उज्जैन, बैतूल, खंडवा, खरगोन, छिंदवाड़ा, श्योपुर, शिवपुरी, होशंगाबाद, हरदा जिले और बुधनी विद्युत संभाग शामिल किए गए हैं।

### तीनों कैटेगरी के जिलों में अलग-अलग समय पर रहेगी बिजली

ग्रामीण क्षेत्रों में 11 केवी फीडर से की जाने वाली सप्लाई में कटौती को लेकर जो प्लान जारी किया गया है, उसमें तीनों ही कैटेगरी के जिलों में रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक और इसके बाद सुबह 10 से दोपहर बाद 4 के बीच बिजली सप्लाई का टाइम अलग-अलग शेड्यूल में तय किया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि इस दौरान बिजली की डिमांड कम होती है। इसके अलावा सुबह 5 से 10 के बीच और शाम 5 से रात 11 बजे के बीच पीक आवर्स के लोड के चलते इस अवधि में जिलों में ग्रामीण क्षेत्र की फीडर सप्लाई बंद रहेगी।

### डिमांड बढ़ी है, बाजार से खरीद रहे बिजली

ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे ने बताया कि बारिश न होने के कारण गर्मी बढ़ी है। इसके कारण प्रदेश में बिजली की डिमांड 14500 मेगावाट को पार कर गई है। सप्लाई बनाए रखने के लिए बाजार से भी बिजली खरीदी कर रहे हैं।

# बेटे की हत्या कर दंपती ने लगाई फांसी

◆ पारिवारिक कलह को वजह मानकर जांच में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**निवाड़ी।** निवाड़ी में पति-पत्नी ने अपने 4 साल के बेटे की हत्या कर फांसी लगा ली। हालांकि, उनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आशंका है कि पारिवारिक कलह के चलते दंपती ने यह कदम उठाया। घटना जिले में पृथ्वीपुर के केशरी गंज गांव में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात की है। सूचना मिलते ही पृथ्वीपुर थाना प्रभारी जगतपाल सिंह, एसपी अंकित जायसवाल और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आनंद उर्फ चौकी रैकवार (30) और उसकी पत्नी राखी (20) में से एक ने बेटे मनीष (4) का गला घोंट दिया। इसके बाद दोनों ने सुसाइड कर लिया। घर में वे तीनों ही थे। आनंद के पिता प्रभु अपने छोटे बेटे के साथ दिल्ली मजदूरी करने गए हैं। उन्हें खबर भेज दी गई है।

### ग्रामीण बोले- उन्हें देखकर कभी नहीं लगा कि परेशान हैं

पड़ोसियों ने बताया कि आनंद की पत्नी राखी रक्षाबंधन पर मायके बरुआसागर गई थी। आनंद शुक्रवार को ही उसे लेकर आया था। ग्रामीणों का कहना है कि आनंद और राखी को देखकर ऐसा कभी नहीं लगा कि उन्हें कोई परेशानी है। निवाड़ी एसपी अंकित जायसवाल ने बताया कि अब तक जो कारण सामने आए हैं, उनके मुताबिक पारिवारिक कलह इस घटना की वजह हो सकती है। पुलिस पूरी जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई करेगी।

## मुख्यमंत्री करेंगे श्री राम राजा लोक का भूमिपूजन

**निवाड़ी।** बुंदेलखंड की अयोध्या कही जाने वाली भगवान श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में श्री राम राजा सरकार लोक निर्माण के भूमि पूजन के आयोजन को ओरछा सहित संपूर्ण जिले में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। रामराजा लोक के भूमिपूजन के पूर्व कल बेतवा घाट हजारों दीपों की रोशनी से जगमग हुआ था। वहीं आतिशबाजी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ओरछा में भगवान श्री राम राजा लोक निर्माण कार्य का शुभारंभ कर भूमि पूजन करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान श्रीराम राजा लोक निर्माण के भूमि पूजन का आयोजन कल सुबह 11 बजे से शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुबह ओरछा पहुंचेंगे, जहां भगवान श्री राम राजा सरकार के दर्शन के बाद श्री राम राजा सरकार लोक निर्माण का भूमि पूजन तथा जल जीवन मिशन परियोजना का लोकार्पण करेंगे। श्री राम राजा सरकार लोक निर्माण कार्य की भूमि पूजन की सभी तैयारियां जिला प्रशासन ने की है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में ओरछा सहित संपूर्ण जिले में श्री राम राजा लोक निर्माण कार्य के भूमि पूजन की आयोजन को महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

## कांग्रेस चुनाव अभियान समिति का गठन

### भोपाल में सुनील और इंदौर में अरविंद को अध्यक्ष बनाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, भोपाल।** मप्र कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने मप्र विधानसभा चुनाव 2023 के लिए जिला स्तर पर चुनाव अभियान समिति के 49 जिला अध्यक्षों का मनोनयन किया है। साथ ही प्रदेश स्तर पर चुनाव अभियान समिति के संचालन के लिए कांग्रेस नेता संजय दुबे को समिति का प्रदेश प्रभारी मनोनीत किया है। कांग्रेस नेता विनोद इरपाचे को समिति का कार्य देखने के लिए कार्यालय प्रभारी बनाया है। दोनों पदाधिकारी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक समिति के सभी जिला अध्यक्षों की गतिविधियों का समय-समय पर फीडबैक लेंगे और चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष भूरिया को जानकारी देंगे।

# ब्लैकमेल कर लूटती है; खुद को बताती डॉन, स्पोर्ट्स बाइक पसंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल की शाहजहांनाबाद पुलिस ने ब्लैकमेल कर लूटने वाली युवती को उसके 3 साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। युवती ने इंस्टाग्राम पर गैंगस्टर मुस्कान नाम से प्रोफाइल बना रखी है। उसे रील बनाना पसंद है। स्पोर्ट्स बाइक और बुलेट का शौक है। इन्हें चलाते हुए कई रील्स अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड की हैं।

ज्यादातर रील्स ऐसे हैं, जिनमें वह खुद को डॉन बताती है। एक रील में बैकग्राउंड में गाना है- पैर बदमाशी में रखा है तो खेल मौत तक खेला जाएगा...।

ओल्ड मिनाल रेसिडेंसी में रहने वाले नीलेश धाकड़ (23) की शिकायत के बाद मुस्कान उर्फ मेहविश (22) और उसके साथियों को पकड़ा गया है। ऐशबाग की रहने वाली मुस्कान और आमिर लाला (24) को 27 अगस्त को पकड़ लिया गया था। पूछताछ में दोनों ने अपने दो साथी नोमान लाला उर्फ तंजील (23) निवासी सलीम चौक थाना गौतम नगर और शाहिद उर्फ काला (33) निवासी पुतलीघर टीला जमालपुरा के नाम बताए। इन दोनों को शनिवार को धर लिया गया।

### मुस्कान के मोबाइल में मिले कई युवकों के फोटो

आरोपियों से लूटे गए मोबाइल और नगदी बरामद की गई है। वारदात में इस्तेमाल की गई सफेद रंग की एक्टिवा भी जब्त की गई है। मामले में साक्ष्य छिपाने की धारा का इजाफा किया गया है। आरोपियों पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस को मुस्कान के मोबाइल में कई युवकों के फोटो भी मिले हैं। आशंका है कि उसने और भी कई लोगों को लूटा होगा।

आरोपी नोमान सलीम चौक, थाना गौतम नगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत 6 अपराध दर्ज हैं। आमिर बेग उर्फ आमिर लाल झुग्गी अटल अय्यूब नगर थाना गौतम नगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ 12 अपराध दर्ज हैं।

## संपादकीय

# कितना लाभ-कितनी हानि

एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था लागू होने के बाद फिर भी यह सवाल बना रहेगा कि अगर आगे कभी लोकसभा या कोई विधानसभा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती, बीच में ही सरकार गिर जाती है, तो उस स्थिति में क्या होगा। ऐसे में मध्यावधि चुनाव के बजाय क्या तब तक वैकल्पिक व्यवस्था लागू रखी जाएगी, जब तक कि अगले चुनाव का समय नहीं आ जाता? ऐसा नियम बनाने से पूरी शासन-प्रणाली गड़बड़ा सकती है। दरअसल सभी चुनाव एक साथ कराने को लेकर जहां कई सवाल खड़े हो रहे हैं, वहीं यह भी देखना होगा कि इससे कितना लाभ और कितनी हानि होगी। सरकार लंबे समय से चाहती रही है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। प्रधानमंत्री कई मौकों पर दोहरा चुके हैं कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का विधान होना चाहिए। इसे लेकर निर्वाचन आयोग मंथन भी कर चुका है। विधि आयोग ने भी इस पर अपने विचार दिए हैं। अब लगता है कि यह व्यवस्था लागू करने की कोई सूरत बन सकेगी। इसके लिए केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर दी है। यह समिति किस तरह इस विचार को व्यावहारिक रूप दे पाती है, देखने की बात है। हालांकि निर्वाचन आयोग बता चुका है कि इसके लिए उसे बड़ी संख्या में वोटिंग मशीनों और दूसरे उपकरणों की जरूरत पड़ेगी। मगर अलग-अलग चुनावों पर आने वाले खर्च की तुलना में इन संसाधनों को जुटाना कोई बड़ा काम नहीं माना जा सकता। असल मुश्किल संविधान संशोधन और फिर यह सुनिश्चित करने की है कि भविष्य में भी चुनाव एक साथ होते रहें। इसका क्या विधान होगा, यह एक जटिल काम है। आजादी के शुरुआती वर्षों में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही हुआ करते थे। मगर करीब बीस वर्षों बाद कुछ विधानसभाएं और फिर लोकसभा अपना तय कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई, जिसके चलते वह चक्र टूट गया और फिर टूटता ही गया। अब स्थिति यह है कि साल में कई चुनाव कराने पड़ते हैं। इस तरह चुनावों का मौसम कई बार साल भर बना रहता है। इससे राजनीतिक दलों के नेताओं को अपना काफी वक्त इसमें देना पड़ता है। निर्वाचन आयोग को भी पूरे समय अपना ध्यान कहीं न कहीं चुनाव की तैयारियों पर लगाए रखना पड़ता है।

**अर्ज़ किया है..!**

*बहारों की नज़र में*
*फूल और काँटे बराबर हैं*
*मोहब्बत क्या करेंगे दोस्त*
*दुश्मन देखने वाले*

*-कलीम आजिज़*

॥ बापू ॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भजन मांगना कामना नहीं है...**
**क्योंकि किसी भी वस्तु का**
**फल मिलता है कर्म से....**
**भजन कर्म नहीं...भजन स्वभाव है...**



॥ रामकथा ॥ ॥ मानस पवनतनय॥

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर-सपाटा

# दिल्ली-एनसीआर में हैं ये फेमस कृष्ण मंदिर

### जन्माष्टमी पर कर आएं दर्शन

**जन्माष्टमी इस साल 6 सितंबर को मनाई जा रही है। हिंदू धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है। इस दिन से पहले ही कृष्ण मंदिरों में तैयारियां शुरू हो जाती हैं। मंदिर को खूबसूरती से सजाया जाता है, साथ ही सभी मंदिरों में भक्तिमय माहौल भी होता है। अगर आप जन्माष्टमी के शुभ दिन पर दिल्ली में हैं तो आपको दिल्ली-एनसीआर के कुछ फेमस मंदिरों के दर्शन के लिए जरूर जाना चाहिए।**

### दिल्ली-एनसआर के फेमस कृष्ण मंदिर

### ◆ इस्कॉन टेम्पल




इस्कॉन टेम्पल दिल्ली का सबसे खूबसूरत कृष्ण मंदिर है। दिल्ली-एनसीआर में मौजूद इस्कॉन सबसे पवित्र कृष्ण मंदिर माना जाता है। जन्माष्टमी के मौके पर इस मंदिर में लाखों की संख्या में भक्त कृष्ण भगवान का दर्शन करने पहुंचते हैं। स्थानीय भक्तों के अलावा दिल्ली से सटे अन्य शहरों से भी भक्त यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहता है।

### ◆ गीता गायत्री धाम

जी-सिटी में स्थित, गीता गायत्री धाम सत्यम शिवम सुंदरम सोसायटी द्वारा निर्मित एक शानदार मंदिर है। मंदिर वेदमाता गायत्री और भगवान कृष्ण को समर्पित है। हालांकि, इसमें सभी देवताओं की मूर्तियों के दर्शन आप कर सकते हैं। आप 4:30 से 12:30 और 4 से 9:30 बजे तक यहां दर्शन के लिए जा सकते हैं।

### ◆ लक्ष्मी नारायण मंदिर



श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर को लोग बिड़ला मंदिर एक और फेमस मंदिर है, जो जन्माष्टमी पर अपनी भव्यता और लुभावनी सजावट के लिए जाना जाता है। भगवान कृष्ण के जन्म का जश्न मनाने के लिए इस मंदिर को बेहद खूबसूरती से सजाया जाता है। मंदिर दिन में 4:30 से 1 और फिर 2:30 से रात 9 बजे तक खुला रहता है।

### ◆ श्री राधा कृष्ण मंदिर



ये पूर्वी दिल्ली का सबसे आश्चर्यजनक मंदिर है। यह खूबसूरत मंदिर आकर्षक सजावट के कारण जन्माष्टमी पर और भी ज्यादा सुंदर दिखता है और आपको एक संपूर्ण अनुभव के लिए अपने परिवार के साथ यहां जरूर जाना चाहिए। मंदिर सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहता है।

## Highlights

1. 7 narrowly escape as moving car catches fire on road in Thane
2. Bengaluru company owner joins rival firm, takes away projects worth ₹70 lakh
3. 2 enter Delhi L-G VK Saxena's home posing as govt officers, held
4. Harish Salve gets married for 3rd time at 68 in London; pics surface
5. Disappointed: US Prez Biden on reports of China's Xi skipping G20 Summit in India

# Uday Kotak resigns: From aspiring cricketer to India's richest banker – the journey

**MUMBAI, (Agency).** Uday Kotak, the founder-promoter of Kotak Mahindra Bank, announced his resignation as its managing director and chief executive officer on Friday, marking the end of his illustrious career spanning four decades in the financial services sector.

Kotak was set to retire from his executive role in December. However, it was cut short three months ahead of schedule. His early exit from the country's fourth-largest bank was cited as personal reasons.

This came as the Reserve Bank of India has capped the tenure of a managing director and chief executive officer at 15 years in private sector banks. This is due to the RBI's norms on leadership appointment which was reviewed after the Yes Bank debacle.




Who is Uday Kotak?

1) Uday Kotak will continue to serve as a non-executive director on the bank's board. The 64-year-old India's richest banker founded Kotak Mahindra Bank in 1985. His entry into the finance sector was prompted after his cricketing dream was cut short due to an injury. In the 1970s, he aspired to be a cricketer and trained under legendary coach Ramakant Aachrekar.

2) He was born and brought up in Mumbai and pursued education at Jamnalal Bajaj Institute of Management Studies and Sydenham College of Commerce and Economics there. His family was into trading cotton and other agricultural commodities but he was not keen on joining his family business.

3) It was Kotak's father who persuaded him to set up his own business, offering him a 300 square feet of office space on the Navsari Building premises, a LinkedIn brief about him, written by journalist Tamal Bandyopadhyay, states. Kotak started his financial consultancy there at the age of 23 in 1982

# Indonesia offers 'golden visa' to entice foreign investors

**NEW DEIHI, (Agency).** Indonesia is introducing a golden visa scheme to attract foreign individual and corporate investors in an attempt to boost its national economy, a statement from the ministry of law and human rights distributed on Sunday said.

"The golden visa is granting a residence permit for an extended period of five to 10 years," director general of immigration, Silmy Karim said in the statement.

The five-year visa requires individual investors to set up a company worth $2.5 million, while for the 10 years visa, a $5 million investment is required.

Other countries around the world including the U.S., Ireland, New Zealand and Spain have introduced similar golden visas for investors, seeking to attract capital and entrepreneurial residents.

Meanwhile, corporate investors are required to invest $25 million to get five-year visas for directors and commissioners. They need to invest double, or $50 million, to gain a 10 year visa.

Different provisions apply to individual foreign investors who do not want to establish a company in the Southeast Asian country. The requirements range from $350,000 to $700,000 in funds that can be used to purchase the Indonesian government bonds.

New Delhi

# नौसेना का तीन दिवसीय सम्मेलन आज से, शीर्ष कमांडर करेंगे समीक्षा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ी सैन्य ताकत के बीच नौसेना के शीर्ष कमांडर सोमवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों व्यापक चर्चा और समीक्षा करेंगे। इसमें तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के तौर-तरीकों पर भी विचार विमर्श होगा।**

नौसेना अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी सम्मेलन में नौसेना कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। सम्मेलन और एनएसए, सेना और भारतीय वायु सेना के प्रमुखों के साथ बातचीत का उपयोग परिचालन वातावरण का विश्लेषण करने, तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के मुद्दे पर विचार-विमर्श करने और समुद्री बलों की तैयारी का आकलन करने के लिए भी किया जाएगा।

नौसेना कमांडरों का सम्मेलन द्विवार्षिक आयोजन है, जो महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर विचार-विमर्श और निर्माण के लिए आपसी बातचीत की सुविधा प्रदान करता है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की अध्यक्षता में भारतीय नौसेना का वरिष्ठ नेतृत्व पिछले छह महीनों के दौरान किए गए प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करेगा। सम्मेलन में आगामी महीनों में आगे बढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

यह सम्मेलन देश के समग्र आर्थिक विकास के लिए आवश्यक सुरक्षित समुद्री वातावरण के विकास की दिशा में कई अंतर-मंत्रालयी पहलों को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ नौसेना कमांडरों को संस्थागत बातचीत का अवसर प्रदान करेगा।

Uttarpradesh

## बाराबंकी में तीन मंजिला इमारत गिरी, मलबे के नीचे दबे 15 लोग; दो की मौत

**बाराबंकी, (एजेंसी)** यूपी के बाराबंकी में सोमवार तड़के करीब तीन बजे तीन मंजिला इमारत गिर गई। इसके मलबे के नीचे कम से कम 15 लोग दबे थे जिनमें से दो की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही राहत टीम के साथ जिले के आला अफसर मौके पर पहुंच गए।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने कई लोगों को रेस्क्यू किया। रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है। आठ लोगों को घायलावस्था में जिला अस्पताल भेजा गया था जहां से डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इमारत क्यों और कैसे गिर गई इसकी वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है।

बताया जा रहा है कि अब तक 10 लोगों को मलबे के नीचे से रेस्क्यू कर लिया गया है। मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आंशका है। एनडीआरएफ की टीम उनकी तलाश में जुटी है। हादसा बाराबंकी के फतेहपुर कस्बे में नगर पंचायत कार्यालय के सामने मोहल्ला काजीपुर वार्ड दो में हुआ। बताया जा रहा है कि यह हाशिम नाम के शख्स का मकान था। तड़के करीब तीन बजे अचानक मकान पूरी तरह से ढह गया। इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना मिलते ही तमाम अधिकारी फोर्स और एसडीआरएफ की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

New Delhi

## खामोश हो गई चंद्रयान-3 मिशन की काउंटडाउन वाली आवाज, इसरो की वैज्ञानिक वलारमथी का निधन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से एक दुखद खबर सामने आई है. इसरो की एक वैज्ञानिक वलारमथी का निधन हो गया. हृदय गति रुकने से उन्होंने रविवार को आखिरी सांस ली. वह वलारमथी ही थीं, जिन्होंने श्रीहरिकोटा में रॉकेट लॉन्च की उलटी गिनती में अपनी आवाज दी थी. उनकी आखिरी बार उलटी गिनती अभी हाल ही में दी थी, जब देश के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण हुआ था. चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था. 23 अगस्त को, चंद्रयान -3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) - जिसमें विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर शामिल थे, चंद्रमा की सतह पर उतरा, जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया. लैंडिंग ने देश को पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना दिया. इस बीच, इसरो ने शनिवार को कहा कि चंद्रमा पर प्रज्ञान रोवर को निष्क्रिय कर दिया गया है.

Uttarakhand

## होटल में धड़ल्ले से चल रहा था सेक्स रैकेट, महिला समेत 5 गिरफ्तार

**हल्द्वानी, (एजेंसी)** हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित गायत्री होटल से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की टीम ने एक महिला और चार पुरुषों को देह व्यापार के आरोप में पकड़ा है। हालांकि, होटल मालिक मौके से भाग निकला। पुलिस ने होटल को सील कर दिया है। वहीं पुलिस फरार मालिक की तलाश में जुट गई है।

सीओ ऑपरेशन नितिन लोहनी ने बीते शुक्रवार रात एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल प्रभारी दीपा भट्ट नेतृत्व में शहर के होटल, स्पा, मॉल में चेकिंग अभियान चलाया था। इसी क्रम में रामपुर रोड स्थित गायत्री होटल में चेकिंग करने पहुंचे। यहां पर वेश्यावृत्ति में लिप्त दो ग्राहक व एक महिला एवं दो होटल कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम चंदन सिंह डसीला निवासी गौलापार, अमर बाबू निवासी बरेली उत्तर प्रदेश, नारायण राम निवासी चम्पावत (होटल मैनेजर), गिरीश चंद निवासी लमगड़ा अल्मोड़ा (होटल मैनेजर) और काठगोदाम निवासी एक महिला बताया। इस बीच होटल मालिक रमेश सिंह नेगी मौके से फरार हो गया। ऑपरेशन एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम ने प्रशासन के सहयोग से वेश्यावृत्ति में प्रयुक्त होटल गायत्री को सीज कर लिया है। होटल के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

खेल

# मोहन बागान ने रचा इतिहास, फाइनल में ईस्ट बंगाल को हराकर रिकॉर्ड 17वीं बार जीता डूरंड कप



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कोलकाता के क्लब मोहन बागान ने डूरंड कप 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उसने रविवार (तीन सितंबर) को कोलकाता के सॉल्टलेक स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराया। मोहन बागान ने खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह रिकॉर्ड 17वीं बार चैंपियन बना है। मोहन बागान के लिए मैच में इकलौता गोल दिमित्री पेट्रेटोस ने किया। उन्होंने 71वें मिनट में गेंद को गोलपोस्ट में डाला। मोहन बागान की टीम ने करीब आधे घंटे तक 10 खिलाड़ियों से खेलते हुए खिताब को अपने नाम किया।

मोहन बागान ने 17वीं बार खिताब जीतकर ईस्ट बंगाल के ही रिकॉर्ड को तोड़ा है। ईस्ट बंगाल की टीम 16 बार चैंपियन बन चुकी है। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने सात और जेसीटी एफसी ने पांच बार खिताब अपने नाम किया है। ईस्ट बंगाल की टीम के पास 2004 के बाद पहली बार चैंपियन बनने का मौका था, लेकिन उसे निराशा हाथ लगी। दूसरी ओर, मोहन बागान की टीम साल 2000 के बाद पहली बार खिताब जीतने में कामयाब हुई है।

दोनों टीमें 2004 डूरंड कप फाइनल में भी एक दूसरे से भिड़ी थीं, जिसमें ईस्ट बंगाल ने 2-1 की जीत से बाजी मारी थी। मोहन बागान ने उस हार का बदला भी ले लिया है। वह इस साल इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में भी चैंपियन बनी थी। दूसरी ओर, ईस्ट बंगाल ने इस साल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल से पहले उसने पांच मैच खेले थे और चार में जीते थे। एक मैच ड्रॉ रहा था। उसने लीग राउंड में मोहन बागान को हराया था, लेकिन टीम फाइनल में उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकी। उसे टूर्नामेंट के इस संस्करण में पहली हार फाइनल में मिली।

सिनेमा

## पैसों के लिए जब अमीषा पटेल ने ठोक दिया अपने ही पिता पर केस, बोलीं- मुझे शर्म क्यों आनी चाहिए?

'गदर-2' फेम एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में आई फिल्म 'कहो ना प्यार है' के जरिए की थी। अपने करियर में 'गदर एक प्रेम कथा', 'मंगल पांडे', 'आप मुझे अच्छे लगने लगे' जैसी कई हिट फिल्में दे चुकीं अमीषा पटेल वर्क फ्रंट के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी एक वक्त पर खूब सुर्खियों में रही हैं। पैसों के लिए अमीषा पटेल ने एक बार अपने ही पिता पर केस ठोक दिया था।

अमीषा पटेल के पिता बॉलीवुड करियर में उनके लिए किसी गाइड की तरह रहे और एक वक्त पर वह उनके मैनेजर भी हुआ करते थे। हालांकि दोनों के बीच बहुत प्यार भरा रिश्ता था लेकिन साल 2004 के बाद चीजें बिगड़ने लगीं। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब कथित तौर पर अमीषा पटेल ने दावा किया कि उनके पिता ने उनके (अमीषा के) पैसों को मिस-मैनज किया है।

अमीषा पटेल ने अपने पिता पर आरोप लगाया कि उन्होंने पैसों को गलत ढंग से हैंडल किया, उनके तकरीबन 12 करोड़ रुपयों का गलत इस्तेमाल किया। इसके बाद अमीषा ने अपने पिता को कोर्ट में घसीट लिया और वह पैसा वापस करने की बात कही। इस बारे में HT के साथ बात करते हुए अमीषा पटेल ने कहा, 'मुझे शर्म क्यों आनी चाहिए? मेरा पैसा किसी और का नहीं सिर्फ मेरा है, और मेरे माता-पिता को भी मुझसे मेरा पैसा लेने का अधिकार नहीं है।'

# बेटा घर पहुंचा तो फंदे पर मिली मां महिला ने लगाई फांसी, पति फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूड़िया में रहने वाली एक महिला घर पर फंदे पर लटके मिली है। बेटा जब अपनी पत्नी को लेकर घर आया तो उसने मां को देखा। सूचना के बाद मौके पर पुलिस को बुलाया गया। इधर शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय भेजा गया। बेटे ने पिता को मोबाइल पर कॉल किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नही किया। वहीं एक युवक ने फंदे पर झूलकर खुदकुशी कर ली। दोनों ही मामलों में फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक रेखा बामनिया(43) निवासी केलोद कांकड का शव रविवार को घर पर फंदे पर झूलता मिला। बेटा शुभम जब घर आया तो उसने मां को देखा। इसके बाद परिवार के लोगो के साथ पुलिस को सूचना की। शुभम इसके बाद पिता भारतसिंह को मोबाइल पर कॉल करते रहा। लेकिन बात नही हो पाई। दंपति में चल रहा था विवाद रिश्तेदार बाबूलाल ने बताया कि रेखा के पति पेशे से ड्रायवर है। बेटा शुभम भी गाड़ी चलाने का काम करता है। उसकी पत्नी नागदा में अपने मायके गई हुई थी। जिसमें वह रविवार को उसे लेने बाइक से रविवार सुबह ही निकला था। रविवार दोपहर तक वह वापस आया तो उसने मां रेखा को देखा।

बाबूलाल के मुताबिक रेखा के पड़ोसियों ने बताया कि सुबह दोनो में विवाद चल रहा था। काफी देर तक घर से लडन्ने झगडन्ने की आवाजें आती रही। जिसमें पति भारतसिंह पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक पति के मिलने के बाद ही स्थिती स्पष्ट हो पाएगी। मामले में जांच की जा रही है।

## यहां युवक ने की खुदकुशी

उधर, लसूड़िया में ही रहने वाले एक युवक ने रविवार देर रात फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। रात करीब करीब एक बजे के लगभग मां ने बेटे को फंदे पर लटके हुए देखा। बताया जाता है कि पांच माह पहले ही उसकी शादी हुई। इसके बाद पत्नी अपने मायके में रह रही थी। इधर पति को यह भी पता चला कि वह किसी ओर से बात करती है। इसके कारण दोनों में दूरियां बढ़ती गई। सोमवार को कोर्ट में तलाक की बात हुई। लेकिन रात में कॉल कर जन्मअष्टमी के बाद आने की बात की। पति ने समझाया लेकिन पत्नी नहीं मानी। इधर मोबाइल पर स्टेटस लगाकर रात में उसने जान दे दी। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक मृतक नितेश (21) पुत्र विलास मंसौरे निवासी मालवा कॉलेज परिसर ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। रिश्तेदार ने बताया कि पांच माह पहले ही नितेश की बेरिया ग्राम कन्नौद के पास शिवानी से शादी हुई। पत्नी लगातार नितेश पर तलाक को लेकर दबाव बना रही थी। दोनों परिवार की सहमति हो गई। जिसमें सोमवार को कन्नौद से तलाक लिये जाने की बात भी हुई। रात में शिवानी ने 8 बजे नितेश को कॉल किया ओर कहा कि अभी तलाक नहीं लेकर जन्माअष्टमी के बाद इस बारे में बात करेंगे। नितेश ने अपनी पत्नी को समझाया लेकिन वह नहीं मानी।

## मोबाइल पर लगाया स्टे्टस

नितेश कमरे में गया इसके बाद उसने रात में फांसी लगा ली। जान देने के पहले उसने अपने मोबाइल पर एक 10 सेकंड का स्टेट्स भी लगाया है। जिसमें उसने कहा कि एक जन्म का सफर समाप्त हुआ, बाकी छह जन्म तेरा इंतजार रहेगा। परिवार के लोगों के मुताबिक शिवानी गांव में ही किसी अन्य लडक़े से बात करती थी। यह बात परिवार को बाद में पता चली। इसके बाद शिवानी लगातार नितेश से अलग होने के लिये बहाने बना रही थी। काफी दिनों बाद परिवार के लोगो ने उसे समझाया। लेकिन वह नहीं मानी।

# अभी नहीं होगा मेट्रो का दीदार

### गांधीनगर डिपो को बनाया नो एंट्री जोन हाई सिक्योरिटी गेट भी लगेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 14 सितम्बर को मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियां जोरों पर है। ट्रायल के लिए केवल 11 दिन बचे हैं। इंजीनियरों व एक्सपट्र्स की टीमें 24 घंटे टेस्टिंग में जुटी हैं। खास बात यह कि, मेट्रो के एक कोच की कीमत करीब 5 करोड़ रु. है। इनकी सुरक्षा को लेकर अभी से कसावट की जा रही है। डिपो के बाहर (सुपर कॉरिडोर रास्ते की ओर) एक हाई सिक्योरिटी गेट बनाया जा रहा है। यहां से आमजन की एंट्री नहीं रहेगी।

इंदौर में तीन कोच के पहुंचने और उनका लुक सामने आने के बाद आमजन इसका अंदर का लुक देखने और इसमें सफर करने को लालायित हैं। मेट्रो कॉरपोरेशन इंदौर भोपाल के डायरेक्टर शोभित टंडन इसका अंदर का लुक बिल्कुल भोपाल में मॉकअप में रखे गए मेट्रो कोच के मॉडल जैसा ही है। दरअसल मेट्रो मॉडल कोच मेट्रो ट्रेन का ही वास्तविक मॉडल है। इंदौर में भी कोच ऐसे रही रहेंगे लेकिन सुरक्षा कारणों के चलते अभी अंदर का लुक जारी नहीं किया गया है। एक मेट्रो ट्रेन इस तरह के तीन कोच से मिलकर बनती है। इसमें ट्रेन ऑपरेटर और यात्री सीटें हैं। एक कोच में चार ऑटोमैटिक गेट और कांच की खिड़कियां हैं। अब चूंकि इलेक्ट्रिक, मैकेनिकल व सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग के साथ इसका संचालन पीक पर आता जा रहा है इसके चलते अब हाईटेंशन लाइन का काम भी धीरे-धीरे शुरू किया जा रहा है। इसे लेकर सभी टीमों को सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अभी यहां मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. कोच बनाने वाली कंपनी एल्स्टॉम और डिपो के कर्मचारी सतत काम में जुटे हैं। इन्हें आईडी कार्ड के आधार पर ही इंट्री दी जा रही है। ऐसे ही रेती, गिट्?टी सहित निर्माण सामग्री के वाहनों को सुपर कॉरिडोर व गांधी नगर वाले पिछले गेट से लिखापढ़ी के बाद इंट्री दी जा रही है।

### लोधिया कुंड में हादसा

# युवक की डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिमरोल थाना क्षेत्र में आने वाले लोधिया कुंड में हादसा हो गया। हादसे में इंदौर के युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही सिमरोल पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक के शव को कुंड से बाहर निकाला है। यह वहीं कुंड है, जहां कुछ दिन पहले एक कार डूब गई थी।**

दरअसल, रविवार को इंदौर के रहने वाले 3 दोस्त लोधिया कुंड घूमने आए थे। इस दौरान कुंड में नहाने के वक्त इंदौर के एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सिमरोल थाने के एसआई राकेश चौहान ने बताया कि सूरज पिता संतोष राठौर (19) निवासी शिवदर्शन नगर मूसाखेड़ी इंदौर, पवन पिता ब्रजलाल साहू (20) निवासी सदर, धनीराम पिता सुनील जाटव (22) निवासी सदर कुंड तरफ आए थे। इस दौरान सूरज कुंड में नहाने चला गया। पानी गहरा होने के कारण सूरज की पानी में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को कुंड में से बाहर निकाला और अस्पताल भेजा।

## कुछ दिन पहले ही कुंड में गिरी थी कार

कुछ दिन पहले ही इसी कुंड में एक कार गिर चुकी है। कार में सवार पिता-पुत्री की यहां मौजूद लोगों ने जान बचा ली थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। लेकिन उसके बाद रविवार को एक बार फिर यहां पर कुंड में डूबने से युवक की मौत हो गई।

# दो पेडलरों से 4 लाख की एमडी ड्रग्स जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने आजाद नगर पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करते हुए दो पेडलरों को गिरफ्तार कर इनके पास से करीब 4 लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की है। आरोपियों में जफर पर पहले से भी कई अपराध दर्ज हैं। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि ये मुंबई से नशा लाकर इंदौर में सप्लाय करते थे।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी की दो व्यक्ति थाना आजाद नगर क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले हैं, इस पर थाना आजाद नगर पुलिस के साथ मिलकर मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर जफर उर्फ भोरी खां निवासी पुराना आजाद नगर और मोहम्मद अमान निवासी मदीना नगर को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 38 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स (अंतराष्ट्रीय कीमत करीब 4 लाख रुपए) की जब्त की गई।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह मुंबई से ड्रग्स लाकर छोटे पैडलर को ड्रग्स लाकर सप्लाय करते हैं। आरोपियों ने कुछ पैडलर के नाम भी बताए हैं। जिनकी अब क्राइम ब्राच तलाश कर रही है। आरोपी जफर पर पहले से चाकूबाजी ओर आम्र्स एक्ट के तहत केस दर्ज हो चुका है। आरोपी हथियार तस्करी में भी शामिल रहा है।

# किसान की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कायस्थ खेड़ी में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को मौत हो गई। वह घर पर अपने 7 साल के बेटे साथ शनिवार को अकेला था। शाम को बेटे ने कई बार पिता को हिलाया तो उसने जवाब नहीं दिया। वह रोते हुए बाहर आया। आसपास के लोग उसे उठाकर एमवाय अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सांवेर पुलिस के मुताबिक सुनील (30) पुत्र कैलाश केवट को उसके पड़ोसी शनिवार देर शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोस्तों ने बताया कि सुनील अपने 7 साल के बेटे के साथ शनिवार को घर पर अकेला था। करीब 5 बजे के लगभग बेटा रोते हुए बाहर आया तो पापा के नहीं उठने की बात कही। जब पड़ोसी अंदर पहुंचे तो यहां सुनील बिस्तर के पास बेसुध सी हालत में पड़ा रहा। काफी देर तक उसे आवाज दी। लेकिन वह नहीं उठा। बाद में पिता कैलाश और परिवार के अन्य लोगों को बताया गया। दोस्तों ने बताया कि सुनील की पत्नी और बड़ी बेटी राखी पर सांवेर में ही मायके गई थी। वही बेटा सुनील के पास ही था। पुलिस के मुताबिक रविवार को पोस्ट मार्टम के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।